दिन भर होती रही रिमझिम बारिश, एक दिन में 28 मिमी वर्षा दर्ज

संभाग में अब तक 837 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रीवा संभाग में 8 अगस्त को 24 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. संभाग में एक जून से अब तक 837 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है. संभाग में इस अवधि में रीवा जिले में 603 मिलीमीटर, मऊगंज में 1214.7 मिलीमीटर, सतना में 720.5 मिलीमीटर, मैहर में 715.3 मिलीमीटर, सीधी में 931.7 मिलीमीटर तथा सिंगरौली जिले में 838.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है. गत वर्ष इसी अवधि में संभाग में 521 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. संभाग में सिंचाई के प्रमुख स्रोत बाणसागर बांध में 8 अगस्त को सुबह 8 बजे तक जल स्तर 340.56 मीटर तक पहुंच गया है. गत वर्ष 8 अगस्त तक इसका जल स्तर 336.93 मीटर पर था. बांध में 86.27 प्रतिशत जल भराव हो गया है.

नवभारत न्यूज

रीवा, 8 अगस्त, सुबह से लेकर शाम तक रिमझिम बारिश होती रही, सूर्यदेव के दर्शन नही हुए. शाम को कुछ समय के लिये बारिश थमी और रात में फिर से बारिश शुरू हो गई. बकिया बराज के गेट पानी की आवक ज्यादा होने पर खोले गये है.

जिले में इस बार अच्छी बारिश हुई है. सावन में रिमझिम बारिश जारी है. जिले में एक जून से अब तक 603.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. जिले में 8 अगस्त को 28 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दिन सर्वाधिक 42 मिलीमीटर वर्षा सेमरिया तहसील में दर्ज की गई. इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 739.9 मिली मीटर, रायपुर कर्चुलियान में 557.1 मिली मीटर, गुढ़ में 864 मिली मीटर, सिरमौर में 554.6 मिली मीटर, त्योंथर में 549 मिली मीटर, सेमरिया में 573 मिली मीटर, मनगवां में 602 मिली मीटर तथा जवा में 389 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज गयी. गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 291 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी.

मऊगंज में अब तक 1214.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

मऊगंज जिले में एक जून से अब तक 1214.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. एक जून से अब तक तहसील मऊगंज में 1073.8 मिली मीटर, हनुमना में 1338.4 मिली मीटर तथा नईगढ़ी में 1231.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 460.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. जिले में पिछले 24 घण्टों के दौरान 62.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. पिछले 24 घण्टों के दौरान तहसील मऊगंज में 66.4 मिली मीटर, हनुमना में 72 मिली मीटर तथा नईगढ़ी में 50 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई. जिले की सामान्य औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिली मीटर है.

8 दिन से लापता छात्रा घर के पास मिली बेहोश हालत में

पिता ने लगाया गैंगरेप का आरोप, पुलिस कर रही जांच

नवभारत न्यूज

रीवा, 8 अगस्त, रीवा जिले में 12 वीं की छात्रा को तीन युवकों ने अगवा कर 8 दिन तक बंधक बनाए रखा. तबीयत बिगड़ने पर घर के पास छोड़कर आरोपी फरार हो गए. पुलिस ने मुख्य आरोपी को हिरासत में लिया है और जांच जारी है, छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस पीडिता के बयान लेने और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद जांच को आगे बढ़ायेगी.

पीड़िता के पिता के मुताबिक बेटी के के चोंट और नाखून के निशान मिले है. रीवा जिले से एक छात्रा के साथ गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि सेमरिया थाना क्षेत्र में कोचिंग पढ़ने गई 12वीं क्लास की छात्रा को 31 जुलाई की दोपहर कोचिंग जा रही थी तभी तीन युवकों ने अगवा कर लिया. जिसके बाद आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया. जानकारी के अनुसार, छात्रा रोज की तरह कोचिंग से निकलकर स्कूल जाने वाली थी, तभी आरोपी दीपक द्विवेदी अपने दो साथियों के साथ पहुंचा और उसका मुंह व गला दबाकर नशीला पदार्थ सुंघा दिया.

बेहोशी की हालत में उसे एक कमरे में कैद कर लिया गया, जहां 8 दिन तक दरिंदगी की गई. एएसपी आरती सिंह ने कहा कि घटना संज्ञान में आई है, पीड़िता का कथन लिया जा रहा है. मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी. रिपोर्ट आने तक कुछ नही कह सकते. उल्लेखनीय है कि पीड़िता 2023 की बोर्ड परीक्षा में 95 फीसदी अंक पाकर जिले का नाम रोशन किया था.

सड़कों में गौवंश : रोड से सदन तक उठा मामला, खुली दावों की पोल

प्रदेश सहित विन्ध्य में सड़कों पर गौवंश पर नहीं लग सका अंकुश, शासन-प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रहे आवारा मवेशी

आदित्य सिंह

सीधी, 8 अगस्त। प्रदेश सहित विन्ध्य में सड़कों पर गौवंश पर अंकुश लगाना शासन-प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। आवारा मवेशियों के सड़कों में बैठने से सीधी- रीवा, सीधी-सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग -39 में सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। इन हादसों के शिकार वाहन चालकों के साथ-साथ गौवंश के होने से जहां सरकार और मुख्यमंत्री द्वारा गौ रक्षा के सभी दावे खोखले साबित हो रहे हैं। वहीं यह गंभीर समस्या सड़क लेकर सदन तक पहुंच गई है।

यहां बताते चलें कि सड़कों पर निर्बाध रूप से स्वच्छंद विचरण करने वाले गौवंश को लेकर सरकार और कलेक्टर का जारी आदेश फिलहाल बेअसर नजर आ रहा है।लिहाजा सड़कों पर आश्रय लेने वाले गौवंश यातायात को जहां बाधित कर रहे हैं वहीं रात सड़क हादसों के चलते निरीह गौवंश भी गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं।राष्ट्रीय राजमार्ग - 39 सीधी-रीवा एवं सीधी-सिंगरौली एवं जिले के अन्य व्यस्त मार्गों में बहुतायत में गौवंश विचरण करते हुये दिखाई दे रहे हैं। आवारा मवेशी के चलते आये दिन जनहानि एवं पशु हानि होने के साथ ही ऐसे गोवंश कृषकों की फसल भी नष्ट कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने इस संबंध में आये दिन शिकायतें मिलने पर तत्कालीन कलेक्टर सीधी मुजीबुर्रहमान खान ने आदेश जारी करते हुये आवारा मवेशी के मिलने पर पशुपालकों की पहचान कर उनके विरूद्ध कार्यवाई करने के आदेश जारी किये थे। लेकिन जिले में पर्याप्त गौशाला नही होने एवं व्यवस्था के अभाव में आदेश का पालन कराना प्रशासन के लिए आज भी बड़ी चुनौती साबित हो रहा है।

जिला मुख्यालय की सड़कें भी प्रभावित-जिला मुख्यालय सीधी में ऐसा कोई भी मार्ग नहीं है जहां गौवंशों का जमावड़ा ना हो। कुंवर अर्जुन तोरण द्वार जमोड़ी, एसआईटी चौक एवं कुंवर अर्जुन तोरण द्वार जोगीपुर के समीप सैकड़ों की संख्या में रात में गौवंशों का जमावड़ा रहता था। यहां के लोगों ने बताया कि इन स्थानों में प्रात-से लेकर देर रात्रि तक काफी संख्या में वाहनों की आवाजाही रहती है। यहां पशुओं का झुंड बीच सड़क मार्ग में बैठकर आवागमन को भी बाधित करते हैं। इन इलाकों में बड़े वाहनों की चपेट में आने से कई पशु गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं। अर्जुन तोरण द्वार से मुख्य चौराहे सम्राट चौक, अस्पताल तिराहा के चारो तरफ के मार्गों का जुड़ाव होने के कारण यहां काफी संख्या में आवागमन होता है। रात दिन यहां से छोटे एवं बड़े वाहन गुजरते हैं। उक्त व्यस्ततम मार्ग में भी पशुओं का झुंड रात में बैठा रहता है। कई बार स्थिति यह हो जाती है कि वाहन निकालने के लिये चालकों को नीचे उतरकर पशुओं को उठाने के लिये कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। आवारा मवेशी से व्यवसायी वर्ग भी काफी परेशान है।

गौवंश सुरक्षा पर पूर्व मंत्री ने कसा तंज

मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री कमलेश्वर पटेल ने सोशल मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क में विचरण कर रहे गौवंश के सामने खड़े होकर सरकार द्वारा मध्यप्रदेश में गौवंश की सुरक्षा के दावा करने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के भाषण के विडियो पर तंज कसते हुए कथनी और करनी में फर्क बताकर गौवंश सुरक्षा में सरकार की विफलता को उजागर करने वाला विडियो जारी किया गया।

सांसद में रखी गौवंश की समस्या

लोकसभा संसदीय क्षेत्र सीधी के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने गत दिनों लोकसभा में शून्यकाल के दौरान बेसहारा गोवंश को संरक्षण और संवर्धन करने हेतु प्रत्येक जिले में 500 एकड़ भूमि आवंटित कर, वृहद गौशाला निर्मित कराकर उन्हें वहां सुरक्षित करने तथा वहां के सेवाकर्मियों को गौपालन से संबंधित रोजगार उपलब्ध कराने की मांग रखी। लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र सीधी, सिंगरौली,ब्यौहारी (शहडोल) के साथ-साथ विंध्य के विभिन्न जिलों में बेसहारा गौवंश की समस्या बनी हुई है। आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए प्रत्येक जिले में भव्य और अत्याधुनिक गौशालाओं का निर्माण किया जाए।

नायब व तहसीलदार न्यायिक कार्य से तीसरे दिन भी रहे विरत

राजस्व न्यायालयों में कार्य ठप, जनता के कार्य प्रभावित

नवभारत न्यूज़

सिंगरौली 8 अगस्त. जिले भर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायिक और कार्यपालिक विभाजन के विरोध में आज तीसरे दिन शुक्रवार को भी कार्य से विरत रहे। इस कारण समस्त राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं भूमि विवाद से संबंधित समस्त कार्यवाही ठप्प हो गई। केवल प्राकृतिक आपदा से जुड़े कार्यों को छोड़कर शेष सभी राजस्व कार्य बाधित रहे।

तहसीलदार संघ ने सरकार की न्यायिक और कार्यपालिक कार्यों के विभाजन की नीति पर गहरा असंतोष जताया है। यहां बताते चले की यह योजना वर्तमान में प्रदेश के 25 जिलों में लागू की गई है, जिससे पूरे प्रदेश में राजस्व तंत्र में हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिले में संचालित 22 राजस्व न्यायालयों में कार्य बंद रहने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सिंगरौली जिले के तहसीलदारों का कहना है कि सरकार द्वारा राजस्व न्यायालयों में पीठासीन अधिकारियों की संख्या में कमी किए जाने से प्रकरणों के निराकरण की गति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे आम जनता को समय पर न्याय नहीं मिल पाएगा और न्यायिक प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब होगा।

तहसीलदार संघ ने जनहित को ध्यान में रखते हुए शासन से इस योजना को शीघ्र वापस लेने की मांग की है। जिले में मुख्यालय तहसीलदार सविता यादव, जाह्नवी शुक्ला, चितरंगी तहसीलदार ऋषि नारायण सिंह, सरई तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा, नायब तहसीलदार प्रीति सिकरवार दीपेंद्र सिंह राजेंद्र बंसल मुख्यालय उपस्थित रहे।

सांसद ने गड़करी से की भेंट

नवभारत न्यूज

सीधी, 8 अगस्त. सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा की संसद भवन नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर सीधी-सिंगरौली सड़क का शीघ्र निर्माण प्रारम्भ कराने के संबंध में चर्चा हुई।

इससे पूर्व संसदीय क्षेत्र सीधी के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान) के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी व स्वास्थ्य मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पीएचसी /सीएचसी व आयुष्मान मंदिरो में चिकित्सकों की कमी को पूर्ण करने व चिकित्सकों की उपलब्धता के संबंध में प्रश्न किया। तत्संबंध में स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल का सकारात्मक उत्तर प्राप्त हुआ।

संदिग्ध 169 हितग्राहियों का किया जाएगा सत्यापन

नवभारत न्यूज

रीवा, 8 अगस्त, खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों के सत्यापन और ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगभग पूरा हो गया है. संदिग्ध 169 हितग्राहियों का सत्यापन 14 अगस्त तक होगा.

जिले में एकल सदस्यीय परिवार जिनकी आयु 18 साल से कम है ऐसे 98 सदस्य तथा 100 वर्ष आयु के 71 हितग्राही सत्यापन के लिए शेष हैं. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी एसडीएम, सीएमओ तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इनका 14 अगस्त तक अनिवार्य रूप से सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं.

NASHIK MUNICIPAL CORPORATION
Rajiv Gandhi Bhavan, Sharanpur Road, Nashik - 422002
Solide Waste Management Department
E-Tender Notice No.05/2025-26

Name of Work:- Service of sweeping and cleaning of roads, Public and Community toilets, River bank, Auditoriums and NMC school Toilets in NMC area of 875 sweepers.

Interested tenderers should visit the website **https://mahatenders.gov.in** for detailed information.

जनसंपर्क/जा.क्र/२०५/२०२५
दि.०७/०८/२०२५
Sd/-
Commissioner / Administrator,
Nashik Municipal Corporation

ईडब्ल्यूएस आवास लेकर हितग्राहियों ने दिया किराए पर

▸ सर्वे के दौरान हुआ खुलासा, कई मकानों में मिला ताला

नवभारत न्यूज

रीवा, 8 अगस्त, नगर निगम द्वारा ईडब्ल्यूएस आवासो में स्वामित्व संबंधी सर्वेक्षण कराया जा रहा है. अधिकांश हितग्राहियो ने अपने आवास को किराए पर दे रखा है खुद नही रहते. सर्वे के बाद आवंटित हितग्राहियो पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी.

गोल क्वार्टर्स स्थित कुल 504 एएचपी आवासों में से जी1, जी2, जी3, जी13, जी14, जी15, एवं जी16 ब्लॉकों में सर्वेक्षण किया गया, जिसमें कुल 136 हितग्राहियों से जानकारी ली गई. सर्वेक्षण में पाया गया कि 63 हितग्राही स्वयं अपने आवंटित भवन में निवास कर रहे हैं, जबकि 10 आवास ताला बंद पाए गए. शेष 53 आवास ऐसे मिले, जिन्हें हितग्राहियों द्वारा किराए पर देकर शासन के नियमों के विरुद्ध लाभ लिया जा रहा है. इनमें जी1 मकान क्रमांक 07 उमाशंकर द्विवेदी द्वारा मुन्नालाल को किराए पर दिया गया है, कमरा क्रमांक 09 दीपक शुक्ला, कमरा क्रमांक 13 दिव्या भुजवा, कमरा क्रमांक 17 आशा खटिक, कमरा क्रमांक 23 सीता खटिक, कमरा क्रमांक 24 धनेन्द्र सेन, कमरा क्रमांक 30 मुन्नी बाई, कमरा क्रमांक 34 दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य मकानों को भी किराए पर दिया गया है. किरायेदारों द्वारा बताया गया कि वे स्वयं के मकान में निवास कर रहे हैं. निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के सख्त निर्देश हैं कि इन 53 मामलों में शासन के नियमों के अनुसार विधिवत कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से किराए पर दिए गए आवासों को तत्काल खाली कराया जाए. सर्वेक्षण दल में मुख्य रूप से सहायक यंत्री राजेश कुमार चतुर्वेदी, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट टीम से वरुण मिश्रा मौजूद रहे.

JALGAON CITY MUNICIPAL CORPORATION

e-Tender Notice No. 611 for 2025-26

Jalgaon City Municipal Corporation invites e-Tender for the work of Underground Sewerage Project for Zone III (Harivitthal Nalla) of Jalgaon City. The cost of tender is Rs. 243,26,17,930.00/- (Excluding Tax). The at tender detailed document is available www.mahatenders.gov.in from 08/08/2025. The right to accept and cancel the tender has been reserved by the Commissioner, Jalgaon City Municipal Corporation.

Date: 08.08.2025

जा.क्र./ज.श.म.न.पा./प्रकल्प/77/2025

Sd/-
(Dnyaneshwar Dhere)
Commissioner and Administrator
Jalgaon City Municipal Corporation

मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति से संगठन को मिलेगी मजबूती : विश्वामित्र

सिहावल विधायक के निज निवास पर मंडल अध्यक्षों का हुआ आत्मिक स्वागत

नवभारत न्यूज

देवसर 8 अगस्त। आज दिन शुक्रवार 8 अगस्त को विधायक सिहावल के निज निवास सुपेला देवसर में नव नियुक्त नौढ़िया मण्डल के अध्यक्ष रमेश द्विवेदी एवं जियावन मण्डल के अध्यक्ष रमापति साहू का विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक एवं भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने आत्मिक स्वागत किया।

उक्त अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि दोनों ही मंडल अध्यक्ष पूर्व से ही जमीनी स्तर पर सक्रिय, संघर्षशील एवं संगठन के प्रति पूर्णत: समर्पित रहे हैं, मुझे पूर्ण विश्वास है कि इनके कार्यकाल में मण्डल स्तर पर संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी, कार्यकर्ताओं का मनोबल अधिक शसक्त होगा तथा पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलेंगी।

उक्त अवसर पर मुख्यरूप से रमेश द्विवेदी मंडल अध्यक्ष नौढ़िया, रमापति साहू मंडल अध्यक्ष जियावन, मंडलदीन बैस महामंत्री मंडल नौढ़िया, परशुराम तिवारी, रमापति शुक्ला, कमलेंद्र चतुर्वेदी, उजागर द्विवेदी, भगवान दास गुप्ता, रावेंद्र तिवारी, संजय साहू, शैलेन्द्र द्विवेदी, विनोद साहू, रंगलाल साहू, रोहित पाण्डेय, लालप्रताप राठौर, केशव शुक्ला, सन्तोष द्विवेदी, प्रशांत शुक्ला, सूरज द्विवेदी सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लि.
(भारत सरकार का उद्यम - मिनीरत्न)
सीआईएन: L74899DL1999GOI101707

खुली ई-निविदा आमंत्रण सूचना

आईआरसीटीसी-पश्चिम क्षेत्र द्वारा निम्नलिखित के लिए खुली ई-निविदा (दो पैकेट प्रणाली के माध्यम से) आमंत्रित करता है:-

इकाई	विवरण	निविदा खोलने की तिथि एवं समय
फूड प्लाजा/ फास्ट फूड यूनिट	कटनी साउथ रेलवे स्टेशन में फूड प्लाजा की स्थापना, संचालन और प्रबंधन तथा सामखयाली जंक्शन एवं "हडपसर रेलवे स्टेशन पर फास्ट फूड यूनिट के लिए खुली ई-निविदा सह नीलामी।	*25.08.2025 15:00 बजे (एफएफयू-हडपसर के लिए)
रिफ्रेशमेंट रूम्स जन आहार	रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न रिफ्रेशमेंट रूम के माध्यम से खानपान सेवाओं के संचालन, रखरखाव और प्रावधान के लिए खुली ई-निविदा सह नीलामी।	02.09.2025, 15:00 बजे (अन्य के लिए)

निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने और भागीदारी करने के लिए वेबसाइट www.tenderwizard.com/IRCTC पर जाएं। उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई संशोधन/परिशिष्ट जारी किया जाता है, तो वह केवल वेबसाइट www.irctc.com, तथा www.tenderwizard.com/IRCTC, पर ही प्रकाशित किया जाएगा। कार्यालय का पता: जीजीएम, पश्चिम क्षेत्र कार्यालय, भूतल, फोर्ब्स बिल्डिंग, चरणजीत राय मार्ग, फोर्ट, मुंबई 400001. दूरभाष: 022-47509565-8815

अपना भोजन ऑनलाइन बुक करने के लिए कृपया www.ecatering.irctc.co.in पर लॉग ऑन करें या "फूड ऑन ट्रैक" मोबाइल ऐप डाउनलोड करें

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99